कदम कदम पर रक्षा करता

खाटू वाला खाटू वाला ओ लीले घोड़े वाला,
कदम कदम पर रक्षा करता, घर घर करे उजाला, उजाला,
खाटू वाला खाटू वाला ओ लीले घोड़े वाला.....

मन मंदिर के वास करो तुम दूर करो अंधियारा,
पापों का मेरे नाश करो तुम, बन कर के रखवारा, रखवारा,
खाटू वाला खाटू वाला ओ लीले घोड़े वाला.....

जब जब भीड़ पड़ी भक्तन पर, उनकी बिपदा ताली,
सच्चे मन से जो भी पुकारे, प्रगटे दीनदयाला, दयाला,
खाटू वाला खाटू वाला ओ लीले घोड़े वाला.....

नेम नियम से जो कोई ध्यावे मन की मुरादे पावे,
बिछड़े साथी फिर से मिला कर, घर घर प्रेम बढाया, बढाया,
खाटू वाला खाटू वाला ओ लीले घोड़े वाला.....

भीम सेन के पौत्र लाडले अहीलवती के लाला,
पांडव कुल सरदार श्याम जी, जपूँ तिहारी माला, हो माला,
खाटू वाला खाटू वाला ओ लीले घोड़े वाला.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/25978/title/kadam-kadam-par-raksha-karta

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |